## गुस्ताखी माफ

परम पिता परमात्मा, करना मुझको माफ।
मंदिर में मैं आपके, हाथ कर रहा साफ।
हाथ कर रहा साफ, आपसे काहे डरना।
इतना सारा माल, आपने क्या है करना।
कह साहिल कविराय, वहीं रहने दी ढोलक।
कुछ ना छेड़ा और, साफ की केवल गोलक।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 127 | MONDAY 18-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com

# मंत्री अरोड़ा केस में जांच तेज, ईडी ने कई अधिकारियों और कारोबारी सूद, चंद्र को भी किया तलब




**लुधियाना/यूटर्न/17 मई। दिल्ली ईडी की रिमांड में चल रहे मंत्री संजीव अरोड़ा मामले में अब केंद्रीय एजंसी ने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (PSPCL) के चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर बसंत गर्ग को भी जाँच हेतु तलब किया है। उन पर मंत्री संजीव अरोड़ा की निजी कंपनी को कथित रूप से अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप है। चचाओं की माने तो विभाग द्वारा करोड़ों रुपये की बैंक गारंटी की वापसी करते हुए ना सिर्फ नियमों की अनदेखी की गई बल्कि ऐसा कर मंत्री की निजी कंपनी को वित्तीय लाभ दिए जाने का आरोप है।**

**वही इस मामले में दिल्ली ईडी ने बसंत गर्ग के साथ-साथ डायरेक्टर हरशरण कौर तहरा, कारोबारी हेमंत सूद और मैक्सोन रियल एस्टेट एवं फाइनैंस के कारोबारी चंद्र अग्रवाल को भी समन जारी किया है। सभी को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने के निर्देश दिए गए हैं।**

**रेड से पहले तड़के बैठक बुलाने का दावा, बिक्रम मजीठिया ने ईडी जांच की मांग की...**बिक्रम मजीठिया ने दावा किया कि रेड से एक दिन पहले मंत्री संजीव अरोड़ा की ओर से अधिकारियों को पत्र भेजकर तड़के करीब 5 बजे बैठक के लिए बुलाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम संभावित जांच को देखते हुए सबूतों को प्रभावित करने या नष्ट करने की कोशिश हो सकता है, क्योंकि पहले से ही 16 तारीख को ईडी की कार्रवाई की आशंका जताई जा रही थी। उन्होंने कहा कि तड़के अधिकारियों को बुलाकर की गई यह बैठक कई गंभीर सवाल खड़े करती है और मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है।



**कौन है हेमंत सूद और चंद्र अग्रवाल ?...**गौरतलब है की ईडी द्वारा मंत्री अरोड़ा पर दुबई की जिन कंपनियों को मोबाईल बेचने के तहत 107 करोड़ की जिस बोगस बिलिंग के आरोप लगाए गए है वे कंपनियां हैम्पटन स्काई होम के अन्य डायरेक्टर हेमंत सूद और चंद्र अग्रवाल के नाम पर ही है यही नहीं मंत्री अरोड़ा की गिरफ़्तारी के समय ही कम्पनी ने प्रेस रिलीज जारी कर ना केवल आरोपों को नकारा था बल्कि एक्सपोर्ट किए मोबाइलों के 95% ईएमआई विदेशो में एक्टिव होने की रिपोर्ट भी पेश की थी।

**इंडस्ट्री पॉलिसी के तहत समूह इंडस्ट्री के लिए है बैनिफिट...**उधर इंडस्ट्री विशेषज्ञों एवं एक्सपर्ट बताते है मंत्री अरोड़ा द्वारा बनाई गई विभिन इंडस्ट्रियल कमेटियों में अलग अलग सैक्टर द्वारा बैंक गारंटियों में इंडस्ट्री का वर्किंग कैपिटल पैसा फंसने का तर्क देते हुए एफिडेबिट का विकल्प एवं सुझाव दिया गया था जिसे मंत्री अरोड़ा ने कैबिनेट के माध्यम से लागु करवाया। मंत्री ने इंडस्ट्री पॉलिसी के माध्यम से समूह इंडस्ट्री के लिए बैंक गारंटी डिपॉजिट में राहत का सामान्य नियम लागु करवाया था जिसका लाभ अन्य कंपनियों की तर्ज पर विभाग द्वारा उनकी निजी कम्पनी को भी दिया गया। जांच एजेंसी अब बैंक गारंटी से जुड़े दस्तावेज, वित्तीय लेन-देन और प्रशासनिक निर्णयों की गहन जांच कर रही है। ईडी यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इस पूरे मामले में किसी प्रकार का राजनीतिक दबाव या प्रभाव का इस्तेमाल किया गया था।

**सामान्य कारोबारी दे रहे राजनितिक लड़ाई की संज्ञा ...**समन के बाद पंजाब राजनीती और विभाग में हलचल तेज हो गई है। विपक्ष अपने अपने दृष्टिकोण से इस पर अपनी टिपणी व्यक्त कर रहे है। हलांकि पिछले 10 माह से मंत्री अरोड़ा के तालमेल में काम कर रही सामान्य इंडस्ट्री इसे मंत्री अरोड़ा के खिलाफ पोलिटिकल वेंडेटा की संज्ञा दे रहे है इंडस्ट्री सैक्टर में मंत्री अरोड़ा पर लगाए जा रहे आरोपों को राजनितिक लड़ाई एवं उनकी साफ छवि को खराब करने की संज्ञा दी जा रही है। माना जा रहा है कि राजनितिक खेल में आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं तथा जांच का दायरा और बढ़ सकता है।

# पंडित कुल्चे वाले विवाद में बहुचर्चित आईएस को ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग विवाद में समन

मोहाली/यूटर्न/17 मई। ईडी ने मोहाली-न्यू चंडीगढ़ में जमीन आवंटन और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स से जुड़ी कथित अनियमितताओं की जांच से संबंधित मामले में पंजाब के आईएएस अधिकारी और GMADA के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार को मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में समन जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक यह समन हाल ही में मोहाली, खरड़ और चंडीगढ़ में बड़े रियल एस्टेट समूहों—सुनटेक इंडियन कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी और अल्टस स्पेस बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य पर हुई छापेमारी के बाद जारी किया गया है। ईडी ने 8 और 9 मई को मोहाली, न्यू चंडीगढ़ और चंडीगढ़ में 12 ठिकानों पर छापेमारी कर मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की जांच तेज की थी। जांच एजेंसी अब जीएमएडीए के इको सिटी-3 प्रोजेक्ट और न्यू चंडीगढ़ के अन्य प्रस्तावित शहरी क्षेत्रों में जमीन आवंटन की प्रक्रिया की गहन जांच कर रही है। समन में मुख्य प्रशासक को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर बयान दर्ज कराने और रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। ईडी ने चेतावनी दी है कि अनुपालन न करने पर पीएमएलए 2002 और भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। जांच के तहत ईडी की टीम ने राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी, म्यूटेशन और रजिस्ट्री दस्तावेजों की भी पड़ताल की है। मामला अब लगातार गहराता जा रहा है।




**पंडित कुल्चे वाले के माध्यम से भ्रष्टाचार...**गौरतलब है की आईएएस संदीप कुमार का हालही में गमाडा में ट्रांसफर हुआ है इससे पहले वे करीब 1 साल तक लुधियाना ग्लाडा के सीए के पद पर तैनात रहे जिस दौरान लैंड पुलिंग से लेकर विभिन्न रियल एस्टेट कंपनियों के प्रोजैक्टों की अप्रूवल सिविल लाइंस के एक चने कुलचे बेचने वाले के माध्यम से होने के चलते सुर्खियों में बने रहे। ऐसी भी चचाएं रही माननीय अधिकारी की दया दृष्टि के चलते उक्त पंडित कुल्चे वाले की प्रॉपटीर्या राज्य के बड़े धना सेठों से भी ज्यादा कीमती एवं आलिशान है। हलांकि कई चचाओं की जाँच ही वास्तविकता से पर्दा उठा सकती है।




# आप के पंजाब की राजनीति में चुनावी तनाव के शुरूआती संकेत

जिस तरह छोटे चुनाव अक्सर बड़ी सच्चाइयाँ सामने लाते हैं, उसमें कुछ सीखने लायक बात जरूर है। नगर पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन मुदकी में हुई हिंसा, महज कानून-व्यवस्था से जुड़ा कोई मामला नहीं है; यह एक संकेत है—भले ही शुरूआती हो, लेकिन बिल्कुल साफ—कि 2027 के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, पंजाब के राजनीतिक माहौल में किस तरह का दबाव बढ़ रहा है।



संदीप शर्मा, सम्पादक

किसी भी लोकतंत्र में, चुनावों का संचालन—खासकर जमीनी स्तर पर—जितना राजनीतिक संयम पर निर्भर करता है, उतना ही प्रशासनिक सतर्कता पर भी। जब यह संतुलन बिगड़ता है, भले ही कुछ समय के लिए ही क्यों न हो, तो इससे असहज करने वाले सवाल खड़े होते हैं। इस बार यह सवाल आम आदमी पार्टी (AAP) की सरकार के अधीन काम कर रहे स्थानीय प्रशासन पर उठ रहा है। मुदकी की घटना—जहाँ विरोधी समर्थकों के बीच हुई झड़प में कांग्रेस के हल्का इंचार्ज आशु बांगड़ और एक महिला उम्मीदवार बुरी तरह घायल हो गए थे—ने ठीक यही काम किया है। ऐसी स्थितियों में, ध्यान स्वाभाविक रूप से—और शायद अनिवार्य रूप से—उन लोगों पर चला जाता है जो इस समय शासन की बागडोर संभाले हुए हैं; इससे दबे स्वर में ही सही, लेकिन अहम सवाल उठते हैं कि क्या प्रशासनिक तंत्र ऐसी तनावपूर्ण स्थितियों का पहले से अंदाजा लगाने और उन्हें शांत करने के लिए पर्याप्त रूप से सक्रिय रहा है। जैसा कि उम्मीद थी, राजनीतिक प्रतिक्रिया भी जानी-पहचानी राह पर ही चली है। कुलबीर सिंह जीरा और अमरिंदर सिंह राजा वारिंग जैसे नेताओं ने प्रशासनिक विफलता का आरोप लगाया है और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिरोजपुर-मोगा हाईवे को जाम करना और जब तक गिरफ्तारियाँ नहीं हो जातीं, तब तक इलाज न करवाने की ज़िद ने इस पूरे घटनाक्रम की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। लेकिन संपादकीय नजरिए से देखें तो, यह मुद्दा सिर्फ.विरोधी दावों से कहीं ज्यादा गहरा है। मुदकी जैसी घटनाएँ अनिवार्य रूप से शासन के व्यापक माहौल पर एक काली छाया डालती हैं। जब राज्य की कानून-प्रवर्तन एजेंसियों की मौजूदगी में—या उनकी कथित नजदीकी में—हिंसा भड़क उठती है, तो इससे न केवल तात्कालिक चूकों पर सवाल उठते हैं, बल्कि इस बात पर भी सवाल खड़े होते हैं कि क्या यह व्यवस्था बढ़ते हुए राजनीतिक मुकाबले के लिए पर्याप्त रूप से तैयार है। मौजूदा संदर्भ में यह बात और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। पंजाब में एक ऐसी पार्टी की सरकार है जो ज्यादा साफ-सुथरी और ज्यादा जवाबदेह राजनीति के वादे के साथ सत्ता में आई थी। उस वादे के साथ उम्मीदों का एक ऊँचा पैमाना भी जुड़ा होता है—खासकर चुनावों के दौरान, जब निष्पक्षता और नियंत्रण की सबसे ज्यादा और सबसे स्पष्ट रूप से परीक्षा होती है। ऐसे ही मौकों पर शासन की परख उसके इरादों से नहीं, बल्कि उसके नतीजों से होती है। हर स्थानीय झड़प के लिए सीधे तौर पर किसी को दोषी ठहराना, बात को बहुत ज्यादा सरल बनाकर देखने जैसा होगा। फिर भी, इन घटनाओं से जिस पैटर्न का संकेत मिल रहा है, उसे नजरअंदाज करना भी उतना ही नासमझी भरा होगा। 26 मई को मतदान और 29 मई को मतगणना तय होने के साथ, तात्कालिक प्राथमिकता स्पष्ट है: शांति बहाल करना, जवाबदेही सुनिश्चित करना और चुनावी प्रक्रिया में जनता के विश्वास को फिर से मजबूत करना। क्योंकि, आखिरकार, लोकतंत्र की असली परीक्षा जीत के भाषणों में नहीं, बल्कि इस बात में होती है कि वह अपने भीतर के तनावों को कितनी अच्छी तरह संभाल पाता है।

# रिटायर्मैंट से कुछ दिन पहले C.S.O ने नगर निगम लुधियाना को लगाया लाखों का चूना

## मेयर और मन्त्री मुंडिया की आपसी खींचतान में C.S.O ने उठाया फायदा

बंटी

लुधियाना/यूटर्न/17 मई। भ्रष्टाचार को लेकर नगर निगम लुधियाना के कर्मचारी अक्सर चचाओं में रहते हैं। मगर आज हम जिस भ्रष्टाचार की बात शहर की जनता के सामने करने वाले हैं, वह कोई बड़े दिल वाला भ्रष्टाचार ही कर सकता है। जी हां, लुधियाना के हेल्थ विभाग में तैनात एक C.S.O द्वारा अपनी रिटायरमेंट से कुछ दिन पहले लगभग जोन बी के नाम 105 कच्चे सफाई कर्मचारियों की 6 महीने की तनख्वाह, जो करीब 60 लाख से ऊपर बनती है, अकेले अपने दस्तखत कर निकालवा ली। जबकि जिन कच्चे कर्मचारियों के नाम पर उक्त C.S.O द्वारा तनख्वाह रिलीज करवाई गई, उनकी जानकारी ना तो सी एस ओ से किसी निचले अधिकारी को है और ना ही C.S.O से उपरले अधिकारियो को




सुत्रो के मुताबिक सुनने में आया है कि जिन व्यक्तियों के नाम पर 6 महीने की तनख्वाह रिलीज हुई, वह आज तक काम पर ही नहीं आए ओर ना ही जोन बी के अधिकारियो को इन 105 फर्जी सफाई कर्मचारीयो सम्बन्धी कोई जानकारी थी

सूत्रों के मुताबिक जिस C.S.O द्वारा उक्त सारे भ्रष्टाचार को यह अंजाम दिया गया, उस पर पहले भी जाली मते लगाकर कर्मचारी रखने की जांच बिजीलैंस के पास चल रही है और क्लीन चिट नही मिली। यहां तक इसी भ्रष्टाचारी C.S.O द्वारा एक सफाई कर्मचारी के नाम पर दुसरा सफाई कर्मचारी रखकर करीब 5 साल उसकी तनख्वाह खाना और जब एक याचिकाकर्ता द्वारा विजिलेंस को उक्त केस की शिकायत की तो भ्रष्टाचारी ने भ्रष्टाचार करते हुए पांच साल बाद दोबारा उसी कर्मचारी के खाते में तनख्वाह डलवा दी। सुनने में तो आया है कि उक्त C.S.O का नजदीकी रिश्तेदार पंजाब पुलिस में डी.एस.पी पद से रिटायर हुआ है और उसकी लुधियाना विजिलेंस में अच्छी पकड़ होने के चलते लुधियाना विजिलेंस उक्त C.S.O को छू नहीं पाई। अब देखना यह है की 105 कर्मचारीयो के नाम पर किया भ्रष्टाचार चंद पैसे लेकर पहले के भांती दब जायेगा या ठोस कार्रवाई होगी।

# भगवंत मान विदेश जाते हैं मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मंत्री और महिला सांसद के उत्पीड़क OSD के साथ, और सवाल PM मोदी से पूछते हैं: तरुण चुग

## मान साहब बताएं – अपने विदेश दौरों में पंजाब के लिए क्या लाए, या सिर्फ करदाताओं के पैसे पर ऐश किया ?: तरुण चुग

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों पर सवाल उठाना मान साहब की सबसे बड़ी बेशर्मी है। जो मुख्यमंत्री खुद ED की रिमांड में बंद 100 करोड़ से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मंत्री और एक महिला सांसद से मारपीट व उत्पीड़न के दोषी OSD को लेकर विदेश की सैर करता है, उसे PM मोदी के राष्ट्रकार्य पर उँगली उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं। मान साहब पहले अपना गिरेबान देखें, फिर PM पर सवाल उठाएं।



तरुण चुग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नीदरलैंड दौरा कोई पर्यटन नहीं था – वह भारत के भविष्य के लिए एक ऐतिहासिक मिशन था। उस दौरे में भारत और अरटछ के बीच टाटा ग्रुप के माध्यम से देश का सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर समझौता सुनिश्चित किया गया। यह वही दूरदर्शिता है जिसकी बदौलत पंजाब के मोहाली को सेमीकंडक्टर प्लांट मिला – जो पंजाब की युवा पीढ़ी के लिए रोजगार और तकनीकी समृद्धि का द्वार खोलेगा।

# विधायक जिम्पा ने वार्ड नंबर 26 में 20 लाख रुपए की लागत से पार्क विकास कार्यों की करवाई शुरूआत

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/17 मई। विधायक ब्रम शंकर जिम्पा ने वार्ड नंबर 26 में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से पार्क के विकास कार्यो की शुरूआत करवाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य के तहत पार्क का सौंदर्यीकरण एवं विकास किया जा रहा है। विधायक जिम्पा ने बताया कि पार्क में बाउंड्री वॉल, नई ग्रिल, वॉकिंग ट्रैक, बच्चों के लिए झूले तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा, ताकि इलाके के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को एक बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। उन्होंने



कहा कि विकसित पार्क क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में भी सहायक साबित होंगे।

# जीरकपुर में महिला से चेन स्नैचिंग की कोशिश नाकाम, सूझबूझ से बची सोने की चेन

जीरकपुर/यूटर्न/17 मई। शहर में स्नैचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और अब बेखौफ बदमाश रिहायशी सोसायटियों तक पहुंचकर महिलाओं और बुजुर्गो को निशाना बनाने लगे हैं। शुक्रवार देर शाम गाजीपुर रोड स्थित विश्रांति सिटी में एक महिला से सोने की चेन छीनने की कोशिश का मामला सामने आया। हालांकि महिला की सूझबूझ और साहस के चलते स्नैचर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके।

जानकारी के अनुसार विश्रांति सिटी के मकान नंबर 591 में रहने वाली गुरमीत कौर रोज की तरह अपने घर के बाहर बच्चों के साथ मौजूद थीं। बच्चे खेल रहे थे और वह उन पर नजर रख रही थीं। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक अचानक वहां पहुंचा और मौका मिलते ही उनके गले में पहनी सोने की चेन पर झपट्टा मार दिया।

अचानक हुए हमले के बावजूद गुरमीत कौर ने हिम्मत नहीं हारी और अपनी चेन को मजबूती से पकड़ लिया। महिला के विरोध और शोर मचाने पर स्नैचर घबरा गया और उसके हाथ से चेन छूट गई।

लुधियाना
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
03 सोमवार, 18 मई 2026


पेज 06 लुधियाना में श्री राम शरणम सत्संग: प्रार्थना और...

# बिट्टू ने राजा वड़िंग पर कसा तंज, सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर उठाए सवाल





लुधियाना/यूटर्न/17 मई। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर सोशल मीडिया के जरिए तंज कसा है। बिट्टू ने फेसबुक पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें राजा वड़िंग अमृतसर में डीएम गगनदीप रंधावा की मौत के बाद सीबीआई जांच पर भरोसा न होने की बात कहते नजर आ रहे हैं। बिट्टू द्वारा साझा दूसरे वीडियो में फिरोजपुर के मुदकी नगर पंचायत चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता आशु बांगड़ और उनके साथियों पर कथित मारपीट और धक्केशाही के आरोपों को दिखाया गया है। इस घटना के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाईवे जाम कर प्रदर्शन भी किया था। इस दौरान धरने में पहुंचे वड़िंग ने लोकसभा में गृहमंत्री से इस मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाने की बात कही थी। इसी पर कटाक्ष करते हुए बिट्टू ने लिखा कि 'थोड़े दिनों में ही लाइन पर आ गए, बाकी भी लाइन पर आने की तैयारी में हैं। बिट्टू के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। कई यूजर्स ने पक्ष और विपक्ष दोनों के नेताओं पर टिप्पणी करते हुए अपनी राय व्यक्त की है। गौरतलब है कि 2024 लोकसभा चुनाव में लुधियाना सीट पर राजा वड़िंग ने रवनीत सिंह बिट्टू को 20,942 वोटों के अंतर से हराया था।

# अकाली दल नेता जसकरनजीत देओल पर नाबालिग से रेप की कोशिश का केस, लुधियाना से गिरफ्तार; मोहाली पुलिस कर रही जांच





मोहाली/यूटर्न/17 मई। शिरोमणि अकाली दल के लुधियाना मुल्लापुर दाखा हलका इंचार्ज जसकरनजीत देओल के खिलाफ नाबालिग से रेप की कोशिश, छेड़छाड़ और मारपीट के गंभीर आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने रविवार को आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया। मामला मोहाली के मटौर थाना क्षेत्र का है। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि आरोपी का उनकी पत्नी के साथ संबंध था और इसी के चलते पारिवारिक हालात बिगड़े। शिकायत के अनुसार आरोपी ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर मोहाली बुलाया और उसे एक होटल में ले जाकर उसके साथ गलत हरकतें कीं तथा रेप की कोशिश की। विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के भी आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि आरोपी लंबे समय से परिवार के संपर्क में था और इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने यह घटना अंजाम दी। पिता ने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी भी आरोपी के साथ रह रही है, जिससे पारिवारिक तनाव और बढ़ गया। मोहाली पुलिस का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और मेडिकल रिपोर्ट, डिजिटल साक्ष्य व अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मधुवन इनक्लेव सोसाइटी की समस्याओं का समाधान, पंजाब स्टेट ट्रेड कमिशन की पहल से विकास कार्य पूरे



लुधियाना/यूटर्न/17 मई। पंजाब स्टेट ट्रेड कमीशन की पहल पर मधुवन इनक्लेव सोसाइटी में लंबे समय से चली आ रही विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान क्षेत्र में कई विकास कार्य पूरे किए गए और स्थानीय निवासियों की शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। पंजाब स्टेट ट्रेड कमीशन के वाइस चेयरमैन एवं ट्रेड विंग के जिला अध्यक्ष रोहित वर्मा ने बताया कि सोसाइटी के लोगों द्वारा रोजमर्रा से जुड़ी कई समस्याएं उनके संज्ञान में लाई गई थीं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान सुनिश्चित किया गया। उन्होंने बताया कि मधुवन इनक्लेव में बैरिकेड्स लगाए गए, पार्किंग की समस्या का समाधान किया गया, गेट व्यवस्था को दुरुस्त किया गया तथा बिजली के झुके हुए खंभों को सीधा करवाया गया। इसके साथ ही बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया गया और लटकती बिजली की तारों को सुरक्षित किया गया। सोसाइटी के पार्कों की साफ-सफाई भी करवाई गई और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पीसीआर की नियमित गश्त सुनिश्चित की गई, जिससे क्षेत्र में असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना है। इस अवसर पर मधुवन इनक्लेव सोसाइटी द्वारा रोहित वर्मा का सम्मान भी किया गया। साथ ही स्वर्णकार वेलफेयर बोर्ड के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सरकार सरकारी अस्पतालों को कॉर्पोरेट अस्पताल बनाने में रही विफल



सहगल

लुधियाना, यूटर्न 16 मई। गैर सरकारी संस्था समवेदना ट्रस्ट ने आज जिले को एक एडवांस लाइफ सपोर्ट (ALS) एम्बुलेंस दान की, जो वेंटिलेटर और एउत्रकृमशीन से सुसज्जित है, ताकि आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया सेवाओं को और मजबूत किया जा सके। इसी अवसर पर ट्रस्ट ने सिविल अस्पताल को एक हाई-टेक मोर्चरी भी सौंपी, जिसकी कुल क्षमता अब 92 शवों की है। नई मोर्चरी में 48 शेल्फ हैं, जबकि पुरानी मोर्चरी में 42 शेल्फ और 2 डीप फ्रीजर हैं, जिससे कुल क्षमता 92 हो जाती है। मोर्चरी का उद्घाटन डायरेक्टर हेल्थ सर्विसेज डॉ. हितिंदर कौर ने सिविल सर्जन डॉ. रमनीदीप कौर के साथ किया। इस मौके पर डॉ. कौर ने समवेदना ट्रस्ट के उदार योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास मरीजों की देखभाल, आपातकालीन परिवहन और जिले में सम्मानजनक मोर्चरी सेवाओं को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि नई ALS एम्बुलेंस परिवहन के दौरान उन्नत देखभाल उपलब्ध कराकर अनमोल जिंदगियां बचाने में मदद करेगी, जबकि उन्नत मोर्चरी सुविधा अस्पताल व्यवस्था को आवश्यक सहयोग देगी। इस अवसर पर पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा, प्रबंध निदेशक, एवन साइकिल्स; सुभाष गुप्ता; गुरदेव शर्मा देबी; डॉ. अखिल सरीन, एसएमओ, सिविल अस्पताल लुधियाना; डॉ. रोहित रंपाल, एसएमओ, एमसीएच; कमल शर्मा; वभावी अरोड़ा; गुरमीत सिंह जस्सल; राज कमल मिगलानी; विजय दादू; सुरेश कुमार तोदी; डॉ. कनिका जिंदल और लखविंदर कौर उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद एक औपचारिक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सिविल अस्पताल के स्टाफ को डायरेक्टर हेल्थ सर्विसेज द्वारा उनकी समर्पित सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. हितिंदर कौर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग दानदाताओं और सामाजिक संगठनों के निरंतर सहयोग को महत्व देता है और ऐसी भागीदारी सार्वजनिक संस्थानों तथा समुदायिक सहयोगियों के बीच एक अधिक मजबूत और संवेदनशील स्वास्थ्य प्रणाली बनाने में मदद करती है।

# प्रॉपर्टी डीलर ने नहर में लगाई छलांग, मौत से पहले वीडियो में लगाए गंभीर आरोप



लुधियाना/यूटर्न/17 मई। एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 42 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर अमित कुमार ने नीलों पुल से सरहिंद नहर में छलांग लगा दी। घटना से पहले उन्होंने एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उन्होंने अपनी मौत के लिए कुछ लोगों को जिम्मेदार ठहराया। जानकारी के अनुसार, अमित कुमार खाना खाने के बाद दुकान के लिए निकले थे, लेकिन वहां नहीं पहुंचे। कुछ देर बाद उनके मोबाइल नंबर से बड़े भाई के व्हाट्सऐप पर दो वीडियो भेजे गए, जिसके बाद परिवार को घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और नहर में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। रविवार को गांव गुरथली के पास सरहिंद नहर से उनका शव बरामद कर लिया गया। मरने से पहले रिकॉर्ड किए गए वीडियो में अमित कुमार ने रोते हुए कहा कि वह मानसिक रूप से टूट चुके हैं और उन्होंने अपने परिवार, समाज और सरकार से न्याय की मांग की। उन्होंने वीडियो में कुछ लोगों के नाम लेते हुए आरोप लगाए और अपने परिवार को उनका हक दिलाने की अपील की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से इलाके में शोक का माहौल है।

# पिंजौर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध खनन पर कसा शिकंजा: बिना वैध बिल खनन सामग्री भरे 3 टिप्पर पकड़े

पंचकूला /यूटर्न/17 मई। पंचकूला पुलिस द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिंजौर थाना टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान अवैध रूप से खनन सामग्री ले जा रहे 3 टिप्परों को कब्जे में लेकर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार के अनुसार, 16 मई की शाम करीब 7 बजे पिंजौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम पिंजौर क्षेत्र के बसोला गांव के पास गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान टीम ने संदेह के आधार पर 3 टिप्परों को रुकवाया। जब चालकों से खनन सामग्री से संबंधित वैध दस्तावेज और बिल मांगे गए, तो वे कोई भी पुख्ता कागज पेश नहीं कर सके। बिना वैध बिल और अनुमति के खनन सामग्री का परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने तुरंत तत्परता






दिखाई और मामले की सूचना माइनिंग विभाग को दी। माइनिंग विभाग के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों टिप्परों को तत्काल प्रभाव से इंपाउंड कर लिया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिला के माइनिंग प्रभावित क्षेत्रों में थाना, पुलिस चौकी और हमारी विशेष एंटी-इलीगल माइनिंग टीम द्वारा 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी जा रही है। हमारी टीमें नियमित रूप से पेट्रोलिंग कर रही हैं ताकि प्राकृतिक संसाधनों की चोरी को रोका जा सके। प्राकृतिक संपदा की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी सख्ती बरत रहा है।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप चेयर और अध्ययन केंद्र की घोषणा, मुख्यमंत्री सैनी ने की कई विकास योजनाएं

हरियाणा/यूटर्न/17 मई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर अंबाला के शहजादपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप के नाम पर एक अध्ययन केंद्र और चेयर की स्थापना की जाएगी, जिससे उनके जीवन और विचारों पर शोध को बढ़ावा मिलेगा।



इसके अलावा शहजादपुर के बड़ागढ़ स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय का नाम बदलकर महारानी पद्मावती राजकीय महाविद्यालय रखने की घोषणा भी की गई। मुख्यमंत्री ने राजपूत छात्रावास के निर्माण कार्य के लिए 31 लाख रुपये और नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। साथ ही शहजादपुर के कच्चे नाले को पक्का करवाने की भी बात कही गई। समारोह में मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की नवीकृत प्रतिमा का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन देशभक्ति, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर मिजोरम के राज्यपाल जनरल (डॉ.) वी. के. सिंह भी मौजूद रहे और उन्होंने महाराणा प्रताप के आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में शिक्षा, कृषि और खाद्य आपूर्ति मंत्रियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 'प्रतिभा सम्मान 2026' समारोह आयोजित, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ की ओर से वार्ड-35 के अंतर्गत सेक्टर-48, 49, 50 और 63 में 'प्रतिभा सम्मान 2026' समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मनीष सिसोदिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल अच्छे अंक हासिल करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक अच्छा इंसान बनना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के सम्मान समारोह बच्चों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने का कार्य करते हैं। आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ की ओर से सभी सम्मानित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।





# स्कूलों में शुरू हुई स्वच्छता मुहिम, बच्चे बनेंगे 'स्वच्छता दूत'



पंचकूला/यूटर्न/17 मई। शहर को स्वच्छ, सुंदर और बीमारी मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम पंचकूला ने स्कूली बच्चों के बीच विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस मुहिम के तहत निगम की टीमें सरकारी और निजी स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रही हैं। अभियान के दौरान स्कूलों में पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, स्वच्छता शपथ और नुक्कड़ नाटकों जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बच्चे 'गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करना', 'प्लास्टिक मुक्त पंचकूला' और 'पर्यावरण संरक्षण' जैसे विषयों पर पेंटिंग बनाकर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं। वहीं क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के सामान्य ज्ञान को भी बढ़ाया जा रहा है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नगर निगम द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त विनय कुमार ने कहा कि बच्चे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि जब बच्चे स्कूल में स्वच्छता की सीख लेकर घर जाते हैं, तो वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हैं। इससे पूरे शहर में स्वच्छता को लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में कचरा वर्गीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बच्चों को नीले और हरे डस्टबिन का सही उपयोग कर गीला और सूखा कचरा अलग करना सिखाया जा रहा है। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने और कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि बच्चों को हाथ धोने की सही आदतें अपनाने, पानी जमा न होने देने और संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम ने स्कूल प्रशासन, शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की है कि वे इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाएं ताकि पंचकूला को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के अग्रणी शहरों में शामिल किया जा सके।

# सब्जी मंडियों से वाहन चोरी करने वाले दो नाबालिग काबू, चोरी के तीन दुपहिया वाहन बरामद

पंचकूला/यूटर्न/17 मई। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने वाहन चोरी की तीन वारदातों को सुलझाते हुए दो नाबालिग आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई तीन दुपहिया वाहन बरामद किए हैं। दोनों नाबालिगों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें सुधार गृह भेज दिया गया। एसीपी क्राइम Arvind Kamboj ने बताया कि 1 मार्च को पंचकूला निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सेक्टर-14 स्थित एलेन इंस्टीट्यूट के सामने खड़ी कर सब्जी लेने गया था। वापस लौटने पर उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम को सूचना मिली कि सेक्टर-15 स्थित शराब ठेके के पास पार्क में एक संदिग्ध किशोर चोरी की मोटरसाइकिल के साथ मौजूद है। सूचना के आधार पर इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में टीम ने मौके पर छापेमारी कर एक नाबालिग को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने करीब ढाई महीने पहले सेक्टर-14 सब्जी मंडी के बाहर से उक्त मोटरसाइकिल चोरी की थी। आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर कई वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात भी कबूल की।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

05 सोमवार, 18 मई 2026



पेज 12 जालंधर के 2 लोगों ने बड़की राजनीति में अपनी...

# IVF से 7 से 10 लाख में बेटे की गारंटी, सोनोग्राफी देखो पेमेंट कर दो

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/17 मई। नशो के बढ़ते इस्तेमाल और गलत खानपान व रहन-सहन के कारण लोगों में संतान पैदा करने की क्षमता कम होती जा रही है वहीं दूसरी और तेजी से पनप रहे

आईवीएफ (IVF) के सहारे न सिर्फ संतान पैदा करने की बल्कि संतान की चाह में परेशान दंपतियों को बेटा पैदा कराने की गारंटी दी जा रही है। राज्य कई शहरों में ऐसे आईवीएफ सेंटर काम कर रहे हैं परंतु बहुत बार आईवीएफपी फेल हो जाता है अथवा पुरुषों में स्पर्म काउंट कम बात कर लोगों को पुरुषों में कमजोरी या स्पर्म काउंट कम बताकर उसका उपचार करने के बदले में लाखों रुपए लिए जा रहे हैं अगर फिर भी सफलता नहीं मिलती तो 'प्रीमियम डोनर' के नाम पर स्पर्म बेचा जा रहा है। कई महिलाएं सास व घर वालों के तानों से दुखी होकर स्वयं भी आईवीएफ सेंटर पहुंच जाती हैं उनका कहना है कि उनके पति के स्पर्म काउंट निल है परंतु परिवार के लोग उन्हें ही ताने दिए जा रहे हैं ऐसे में सौदा प्रीमियम डोनर की मदद लेने पर होता है जिसके लिए संतान की चाह रखने वाले दंपतियों से काफी पैसे ले लिए जाते हैं जबकि स्पर्म डोनेट करने के लिए स्टूडेंट्स व अन्य लोगों का सहारा लिया जाता है आईवीएफ सेंटर, दलाल के और काउंसलर के संगठित खेल पर आधारित है गर्भ में पल रहे शिशु का लिंग बताना या चयन करना अपराध है, इसके बावजूद सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर लोगों को आकर्षित किया जाता है बहुत से लोग संतान पाने की इच्छा में केंद्र तक चले आते हैं जब उन्हें पता चलता है कि यहां पर 7 से 15 लाख के बीच में लड़का पैदा करने की गारंटी दी जा रही है तो वह अपना सब कुछ भेज कर भी बेटा पानी की चाह में सरेंडर कर देते हैं सोशल मीडिया जरिए दंपतियों को फंसाकर सेंटर तक ला रहे हैं। अगर किसी ने इस समाचार की रिपोर्ट को स्वयं जांच करना हो तो वह किसी प्रतिष्ठ आईवीएफ सेंटर पर कॉल करके स्वयं भी पता कर सकता है एक व्यक्ति ने ऐसे सेंटर पर फोन करके खुद को 'स्पर्म काउंट शून्य' बताया तो जवाब मिला-प्रीमियम डोनर उपलब्ध हैं, लेकिन इसके लिए ज्यादा भुगतान करना होगा। इसके बाद उसको अपने सेंटर पर बुलाया गया।




## विदेशी क्लिनिको की एंट्री, 15 लाख में बेबी बॉय का ऑफर

विभिन्न देशों में काम कर रहे क्लिनिक सोशल मीडिया पर भारतीय लोगों को टारगेट कर रहे हैं। दुबई-शारजाह के अलावा अन्य विदेशी लोकेशनों के नाम लेकर 'जेंडर सिलेक्शन' के पैकेज ऑफर किए जा रहे हैं। फोन पर ही लोगों को सारी प्रक्रिया समझा दी जाती है और बेटा पैदा करने की गारंटी के साथ 15 लाख शुल्क के रूप में खर्च आने की बात की जा रही है

## जांच में हो सकते हैं अहम खुलासे

चिकित्सा जगत से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि ऐसे भी कई आईवीएफ सेंटर हैं जहां सफलता न मिलने पर दूसरे व्यक्ति का स्पर्म प्रत्यारोपित कर दिया जाता है संतान पाने के बाद कोई इसका डीएनए टेस्ट नहीं कराया जाता फिर से आईवीएफ सेंटर की सफलता डर भी बढ़ती है और दूसरी ओर निसंतान संतान पाकर खुश हो जाते हैं सूत्रों का कहना है कि इन सिलसिले में आज तक कोई जांच शुरू नहीं हुई अगर ऐसी कोई जांच सामने आती है तो कई आईवीएफ सेंटरो के बारे में कई अहम खुलासे भी हो सकते हैं।

## सोशल मीडिया पर दिए जा रहे हैं विज्ञापन

IVF के इस नेटवर्क में स्पर्म डोनेशन के नाम पर स्टूडेंट्स व जरूरतमंदों को टारगेट किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर स्पर्म डोनर बनें, पैसे कमाएं जैसे विज्ञापनों के जरिए लालच दिया जा रहा है। कहीं पर अस्पताल सोयाबीन अपने स्तर पर स्पर्म दाता उपलब्ध करा रहे हैं

## हर लैब स्पर्म काउंट में अलग रिपोर्ट देती है

यह भी पता चला है कि आईवीएफ सेंटर के अस्पतालों में स्थित लैब एक ही सैंपल की अलग-अलग रिपोर्ट देता है कहीं पर स्पर्म की मोटिलिटी अधिक बताई जाती है तो कई में बेहद कम ऐसे में पहले दंपति का उपचार करने के बाद की जाती है दो-तीन महीने महंगे उपचार के बाद आईवीएफ के लिए ट्राई किया जाता है अगर फिर भी बात ना बने तो सरोगेसी अथवा प्रीमियम डोनर की बात की जाती है।

# तेल संकट के बीच बड़ा फैसला, चंडीगढ़ में सरकारी वाहनों के उपयोग पर लगेगी रोक, बुधवार को स्टाफ बस-साइकिल से पहुंचेगा ऑफिस


लुधियाना/यूटर्न/17 मई। पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में बढ़ते तनाव और वैश्विक तेल संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल खपत कम करने की अपील का असर अब पंजाब और चंडीगढ़ में भी दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में चंडीगढ़ प्रशासन ने ईंधन बचत को लेकर बड़ा फैसला लिया है। निर्णय के अनुसार, बुधवार को सभी सरकारी दफ्तरों के कर्मचारी बस, साइकिल या पैदल कार्यालय पहुंचेंगे। वहीं अधिकारियों और वीवीआईपी काफिलों में चलने वाले वाहनों की संख्या भी घटाई जाएगी। पंजाब के गवर्नर एवं चंडीगढ़ प्रशासक ने इस संबंध में सुरक्षा विभाग को पत्र भेजकर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गवर्नर ने कहा कि यह कदम ईंधन बचत के उद्देश्य से उठाया गया है और पहले ही सभी कर्मचारियों को सूचित किया जा चुका है कि बुधवार को सरकारी वाहनों का उपयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर कर्मचारी सार्वजनिक परिवहन या निजी पारिवारिक वाहन का सहारा ले सकते हैं। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, चंडीगढ़ में सरकारी और वीवीआईपी उपयोग के लिए करीब 250 से 300 वाहन हैं। इनमें पुलिस विभाग के 81 नए वाहन (26 ढउफ गाड़ियां और 55 अन्य वाहन), वरिष्ठ क्ढर अधिकारियों के लिए कम से कम 20 वाहन, प्रशासनिक विभागों और नगर निगम की गाड़ियां तथा स्वास्थ्य विभाग की 16 एंबुलेंस शामिल हैं। इस फैसले को प्रशासन द्वारा ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।



# पंजाब में निकाय चुनाव 26 मई को, 105 शहरी निकायों के लिए जनरल ऑब्जर्वर नियुक्त

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। राज्य चुनाव आयोग, पंजाब ने राज्य में 8 नगर निगमों, 76 नगर परिषदों और 21 नगर पंचायतों सहित कुल 105 शहरी निकायों के आम चुनावों की घोषणा कर दी है। मतदान 26 मई 2026 (मंगलवार) को होगा। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आयोग ने 23 जिलों में आईएएस व वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों को जनरल ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। पीसीएस अधिकारियों में राकेश कुमार पोपली (गुरदासपुर), हरजोत कौर (होशियारपुर), ऋषभ बांसल (फाजिल्का), परमदीप सिंह (अमृतसर), सुखप्रीत सिंह सिद्धू (फिरोजपुर), नयन (मोगा), अमित सरीन (मानसा), प्रमोद सिंगला (मलेरकोटला), अमरबीर सिंह (श्री मुक्तसर साहिब), अमरिंदर सिंह टिवाणा (पठानकोट), जगजीत सिंह (रूपनगर), विकास हीरा (तरनतारन) को तैनात किया गया है। कपूरथला के लिए कनू थिंद (19 मई 2026 तक) और सेनू दुग्गल (24 मई से 29 मई 2026 तक) नियुक्त किए गए हैं। पटियाला में अपनीत रियात (19 मई तक) और ऋषी पाल सिंह (24 मई से 29 मई तक) ऑब्जर्वर रहेंगे। आईएएस अधिकारियों में परनीत शेरगिल (बरनाला), हरसुहिंदर पाल सिंह बराड़ (बठिंडा), रुबिंदरजीत सिंह बराड़ (फरीदकोट), हरगुणजीत कौर (फतेहगढ़ साहिब), परमवीर सिंह (जालंधर), बलदीप कौर (लुधियाना), अमनदीप कौर (एसबीएस नगर), अभिजीत कपलिश (मोहाली) और कमल कुमार गर्ग (संगरूर) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करते हुए आचार संहिता के सख्त पालन को सुनिश्चित करेंगे।




# चंडीगढ़ में हर वार्ड में नियुक्त होंगे 'स्वच्छता मार्शल', कचरा प्रबंधन नियम-2026 पर एमसीसी की कार्यशाला

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। नगर निगम चंडीगढ़ ने शुक्रवार को ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेयर और पार्षदों के लिए जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में निर्णय लिया गया कि शहर के प्रत्येक वार्ड में जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे और लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए 'स्वच्छता मार्शल' नियुक्त किए जाएंगे।

कार्यशाला की अध्यक्षता मेयर सौरभ जोशी ने की। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अमित कुमार , संयुक्त आयुक्त बलबीर राज सिंह, मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा और मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ डॉ. इंदरदीप कौर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पार्षदों ने शहर में सफाई और कचरा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं उठाई। मंदिरों के आसपास फूलों के कचरे के गलत निपटान, बस स्टैंड, होटल, ढाबों और दरिया क्षेत्र में कचरे के ढेर को लेकर चिंता जताई गई। इसके अलावा डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन, बैक लेन की सफाई, सफाई कर्मचारियों की निगरानी और पीजी व किराए के मकानों में कचरा पृथक्करण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।







कार्यशाला में जूस विक्रेताओं, नॉन-वेज यूनिट्स, लंगर आयोजकों, बुटीक और टेलरिंग दुकानों से निकलने वाले कचरे के उचित प्रबंधन पर भी विचार-विमर्श किया गया। मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि शहर को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए लोगों की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को हर वार्ड में स्वच्छता मार्शल नियुक्त करने के निर्देश दिए ताकि जागरूकता बढ़ाने के साथ नियमों के पालन को भी सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 के तहत घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कचरे का अलग-अलग संग्रह अनिवार्य होगा। खुले में कचरा फेंकने पर पूरी तरह रोक रहेगी और बड़े कचरा उत्पादकों की जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही 'पॉल्यूटर पेज प्रिंसिपल' के तहत यूजर चार्ज और डिजिटल मॉनिटरिंग व्यवस्था भी लागू की जाएगी।

Uturn Time 18 May 2026_Layout 2 17-05-2026 23:05 Page 6



# लुधियाना में श्री राम शरणम सत्संग: प्रार्थना और परम विश्वास पर संत अश्वनी बेदी का संदेश



लुधियाना/यूटर्न/17 मई। श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क, सिविल लाइंस में आयोजित साप्ताहिक अमृतवाणी सत्संग में प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने कहा कि प्राचीन काल से धार्मिक परंपराओं में प्रार्थना का विशेष महत्व रहा है। उन्होंने ऋगवेद का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री राम की कृपा की याचना और उनके दिव्य गुणों का कीर्तन सनातन धर्म की मूल रीति है।

संत बेदी जी ने प्रार्थना को गहन भावना और दृढ़ निश्चय के साथ की गई याचना बताया, जिससे कार्य सिद्धि में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि ध्यान के समय प्रभु श्री राम की सर्वव्यापक उपस्थिति का अनुभव करना चाहिए, जिससे साधक में परम विश्वास की भावना जागृत होती है। उन्होंने 'भक्ति प्रकाश' ग्रंथ के श्लोक का उल्लेख करते हुए भक्ति, प्रेम और श्रद्धा को ईश्वर प्राप्ति का मार्ग बताया। संत ने कहा कि सच्चा भक्त यह अनुभव करता है कि भगवान श्री राम सदैव उसके साथ हैं और उसकी रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि परम विश्वास के बिना प्रार्थना का पूर्ण फल प्राप्त होना कठिन है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें विभिन्न शहरों से आए भक्त शामिल थे।

# 35 श्रद्धालुओं ने माता मनसा देवी मंदिर में किया रक्तदान




पंचकूला/यूटर्न/17 मई। भीषण गर्मी की वजह से अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने हेतु श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, निफा चंडीगढ़ एवं महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा कमेटी द्वारा श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड एवं जिला रेड क्रॉस सोसायटी पंचकूला के सहयोग से माता मनसा देवी मंदिर परिसर में रक्तदान जागरूकता शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा कमेटी के प्रधान अमित जैन के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने श्रद्धालुओं का आहवान किया कि वह इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और एक स्वस्थ व्यक्ति का इंसानी, नैतिक और सामाजिक दायित्व बनता है कि वह स्वंय को रक्तदान के लिए तैयार रखे। हर स्वस्थ व्यक्ति को इसलिए भी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

श्री शिव कावड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर रमेश नारंग एवं प्रधान राकेश कुमार संगर ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से आजकल लगभग सभी अस्पतालों में रक्त एवं रक्त कंपोनेंट्स की बहुत कमी है और रक्तदान का मकसद उन मरीजों की मदद करना है जिनकी जिंदगी की डोर रक्त की कमी से कमजोर पड़ जाती है। हमारी संस्था द्वारा लगभग हर रोज रक्तदान शिविर लगाकर रक्त कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। रक्तदान शिविर में 35 श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसायटी पंचकूला के वॉलिंटियर्स करण सैनी, नित्य गुप्ता और उनकी टीम व श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट के लक्ष्मण सिंह, विनीत जगोता, गुलशन कुमार, सतगुरु प्रसाद एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रक्तदाताओं को प्रशंशा पत्र, समृति चिन्ह एवं बेज देकर प्रोत्साहित किया।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल




### जात-पात के नाम पर समाज का बंटवारा

पुराने समय में जात-पात की व्यवस्था समाज को व्यवस्थित करने के लिए बनाई गई थी। उस समय लोगों के काम के आधार पर अलग-अलग जातियाँ बनाई गई थीं, ताकि हर व्यक्ति अपना कार्य सही ढंग से कर सके। लेकिन समय के साथ यह व्यवस्था भेदभाव और ऊँच-नीच का कारण बन गई। आज का युग आधुनिकता, शिक्षा और विज्ञान का युग है, जहाँ इंसान की पहचान उसकी मेहनत, ज्ञान और व्यवहार से होती है, न कि उसकी जाति से। आज हर व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त हैं। स्कूल, कॉलेज, नौकरी और समाज में सभी को बराबरी का अवसर दिया जाता है। फिर भी कुछ लोग जाति के नाम पर समाज को बाँटने का काम कर रहे हैं। यह सोच हमारे देश की एकता और प्रगति में बाधा बनती है। जब हम सभी भारतीय हैं और एक ही देश में रहते हैं, तो जात-पात के आधार पर भेदभाव करना गलत है। हमें यह समझना चाहिए कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। यदि हम जाति के नाम पर लड़ते रहेंगे, तो समाज कभी आगे नहीं बढ़ पाएगा। इसलिए हमें मिल-जुलकर प्रेम, भाईचारे और समानता के साथ रहना चाहिए। तभी हमारा समाज और देश वास्तव में विकसित और मजबूत बन सकेगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या शादी के बाद Wife को Husband का Surname लेना जरूरी है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

भारतीय समाज में अक्सर यह माना जाता है कि शादी के बाद पत्नी को पति का surname अपनाना ही होगा। लेकिन कानूनी रूप से ऐसा कोई अनिवार्य नियम नहीं है। कानून के अनुसार, विवाह के बाद महिला चाहे तो अपना पुराना surname रख सकती है, पति का surname अपना सकती है, या दोनों surnames का उपयोग कर सकती है। यह पूरी तरह उसका व्यक्तिगत निर्णय है।

पासपोर्ट, आधार, बैंक, और अन्य सरकारी दस्तावेजों में surname बदलना भी कानूनी बाध्यता नहीं है। यदि महिला surname बदलना चाहती है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऐसा कर सकती है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

कई महिलाएं पेशेवर पहचान (professional identity), दस्तावेजों की निरंतरता, या व्यक्तिगत कारणों से अपना पुराना surname जारी रखती हैं।

यह भी महत्वपूर्ण है कि केवल surname अलग होने से विवाह की वैधता (validity of marriage) पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

कई लोग सामाजिक परंपरा को कानूनी नियम समझ लेते हैं, जबकि कानून व्यक्ति की पहचान और स्वतंत्रता को महत्व देता है।

निष्कर्ष : शादी के बाद Wife के लिए Husband का surname लेना कानूनी रूप से जरूरी नहीं है। यह पूरी तरह व्यक्तिगत पसंद और निर्णय का विषय है।

# श्री राम ग्लोबल स्कूल में 'वाओ मॉम सीजन 5' में माताओं और बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग








लुधियाना/यूटर्न/17 मई। श्री राम ग्लोबल स्कूल, साउथ सिटी में मदर्स डे के उपलक्ष्य में 'वाओ मॉम सीजन 5' का भव्य और भावनात्मक आयोजन स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के निस्वार्थ प्रेम, त्याग और बच्चों के जीवन निर्माण में उनकी अहम भूमिका को सम्मान देना था।कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रिंसिपल मोनिका शर्मा द्वारा स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने कहा, 'मां बच्चे की पहली शिक्षक और जीवनभर की प्रेरणा होती है। इस आयोजन के माध्यम से हम बच्चों में कृतज्ञता के संस्कार विकसित करने के साथ परिवारों के लिए यादगार पल संजोने का प्रयास करते हैं।' शाम के दौरान माताओं को समर्पित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम की थीम 'जर्नी टू फ्रीडम' रखी गई थी। आयोजन में 50 से अधिक माताओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ह्यरैंप वॉकह्न रहा, जिसमें नन्हे बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर वॉक कर सभी का दिल जीत लिया। मंच पर माताओं और बच्चों का उत्साह देखने लायक था। अंत में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'फिनाले एक्ट' माताओं को समर्पित रहा, जिसने सभी को भावुक कर दिया। सफल आयोजन के दौरान स्कूल की सामुदायिक और भावनात्मक विकास के प्रति प्रतिबद्धता साफ दिखाई दी।

# हाई फ्लायर्स अवॉर्ड्स 2026: प्रतिभा की उड़ान को मिलेगा नया आसमान

लुधियाना/यूटर्न/17 मई। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों के सम्मान का भव्य आयोजन 'हाई फ्लायर्स अवॉर्ड्स 2026' इस वर्ष एक नई चमक के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह मंच 10वीं और 12वीं कक्षा के उन होनहार विद्यार्थियों को समर्पित है, जिन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और शानदार परिणामों से अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

यह केवल एक पुरस्कार समारोह नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक उत्सव है, जहाँ प्रतिभा को पहचान मिलती है और सपनों को नई उड़ान दी जाती है। CBSE, ICSE और पंजाब बोर्ड के टॉप प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को इस मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

पिछले वर्ष इस आयोजन में 250 से अधिक मेधावी छात्र, 30 प्रधानाचार्य और 800 से अधिक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने




इसे एक ऐतिहासिक सफलता बना दिया था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष इसे और भी भव्य स्वरूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह आयोजन 23 मई 2026 को दोपहर 3:00 बजे से गुरु नानक देव भवन में होगा, जिसमें प्रवेश 2:30 बजे तक रहेगा। प्रत्येक विद्यालय से टॉप 3 मेधावी छात्रों को उनके दो शिक्षकों के साथ आमंत्रित किया गया है।

इस कार्यक्रम का आयोजन Jan Hetaishi और व Turn Times द्वारा किया जा रहा है, जिसे Ralson Tyres का मुख्य सहयोग प्राप्त है, जबकि Solitaire Home, CRB Collective by Rugby, DXI Design for Desire और Knit Studios इसके सहयोगी भागीदार हैं।

आयोजकों का कहना है कि यह मंच केवल सम्मान नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, प्रेरणा और आगे बढ़ने की नई ऊर्जा भी प्रदान करता है। हाई फ्लायर्स अवॉर्ड्स 2026 - जहाँ प्रतिभा उड़ान भरती है और सपने हकीकत बनते हैं।

# महिला एवं बाल कल्याण संस्था के 8वें स्थापना दिवस पर मेयर सौरभ जोशी ने महिलाओं को बांटी सिलाई मशीनें





चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। सेक्टर-45डी स्थित वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी के 8वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर चंडीगढ़ के मेयर Saurabh Joshi ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें सिलाई मशीनें वितरित कीं। कार्यक्रम का आयोजन रविवार शाम टैगोर थिएटर में किया गया। भारत सरकार के नीति आयोग में पंजीकृत संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य व्यक्तियों, कलाकारों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एनवाईसीएस के निदेशक विकास राणा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मेयर सौरभ जोशी ने संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता से जोड़ना समाज के समग्र विकास के लिए बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने सामाजिक कल्याण गतिविधियों में लोगों की अधिक भागीदारी का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की आधिकारिक वेबसाइट भी लॉन्च की गई। इसके अलावा समाज कल्याण गतिविधियों में योगदान देने वाले प्रतिभागियों और सहयोगियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में संगीत, नृत्य और कविता प्रस्तुतियों से सजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

# पुरुषोत्तम मास में भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम, हल्लोमाजरा के प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में 30 दिवसीय धार्मिक महोत्सव शुरू

चंडीगढ़ /यूटर्न/17 मई। ज्येष्ठ माह की तपती गर्मी के बीच हल्लोमाजरा स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के अवसर पर 30 दिवसीय भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ हो गया। यह आयोजन 17 मई से 15 जून 2026 तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालुओं को विभिन्न धार्मिक पर्वों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद एक ही माह में मिलेगा।

मंदिर कमेटी के प्रधान विजय गोयल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण को अत्यंत प्रिय माना जाता है। इसी के तहत मंदिर परिसर में वर्षभर मनाए जाने वाले प्रमुख धार्मिक उत्सव पारंपरिक श्रद्धा



और उत्साह के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। महोत्सव की शुरूआत रविवार को गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग के साथ हुई। मंदिर परिसर को फूलों की आकर्षक सजावट और मनमोहक झांकियों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन के दौरान संकीर्तन, हरियाली तीज, नाग पंचमी, दाऊजी जन्मोत्सव, गोवाष्टमी, बरसाना और नंदगांव की प्रसिद्ध होली, श्री हनुमान जन्मोत्सव, दान लीला, नरसिंह चतुर्दशी, जन्माष्टमी, शरद पूर्णिमा और दिवाली उत्सव जैसे धार्मिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मंदिर कमेटी के अनुसार 24 और 25 मई को आयोजित होने वाली बरसाना और नंदगांव की होली में अबीर-गुलाल की रंगीन फुहारों के बीच श्रद्धालुओं को ब्रज की दिव्य संस्कृति का अनुभव कराया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन भजन-कीर्तन, झांकियां और प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर कमेटी की ओर से विशेष प्रबंध किए गए हैं। कमेटी ने शहरवासियों और धर्मप्रेमियों से इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।इस अवसर पर भाजपा नेता गणेश झा,सोशल वर्कर अरविंद सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# किंग एडवर्ड पब्लिक स्कूल के 12 वी कक्षा का परिणाम शानदार रहा



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/17 मई। किंग एडवर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सी.बी.एस.ई. कक्षा 12 के परिणामों में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विभिन्न स्ट्रीमों में छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और लगन का प्रमाण दिया। आर्ट्स स्ट्रीम में अवनीत कौर ने पहला स्थान, हरवीन परमार ने दूसरा, और कोमलप्रीत कौर तथा कमलप्रीत सिंह बल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स स्ट्रीम में दलजीत कौर ने पहला, तरनप्रीत तन्नू ने दूसरा और ऋषभ पांडे ने तीसरा स्थान हासिल किया। मेडिकल स्ट्रीम में आशु कुमारी ने पहला, मनमीत कौर ने दूसरा और जिया सुमन ने तीसरा स्थान हासिल किया। नॉन-मैडिकल स्ट्रीम में राघव जसवाल ने पहला, कोमल ने दूसरा और अमृतपाल सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मोहिंदर सिंह जसवाल और प्रिंसिपल आशा शर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को इस शानदार परिणाम के लिए बधाई दी और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 13 साल बाद भारत लौटे युवक को दिल्ली एयरपोर्ट पर नहीं मिली एंट्री, 16 दिन मलेशिया में फंसा रहा

जालंधर/यूटर्न/17 मई। एक युवक 13 साल बाद भारत लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर कथित तौर पर परेशानियों का सामना करने के बाद 16 दिनों तक मलेशिया में फंसा रहा। युवक ने आरोप लगाया कि एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने उसके भारतीय होने पर ही सवाल उठा दिए और उसे पहचानने से इनकार कर दिया। युवक के अनुसार, वह न्यूजीलैंड से एयर मलेशिया की फ्लाइट से दिल्ली पहुंचा था, जहां डॉक्यूमेंट जांच के दौरान उसे रोक लिया गया।



उसने आधार कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए, लेकिन फिर भी उसे संदिग्ध बताया गया और उसकी पहचान पर सवाल उठाए गए। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान एक महिला अधिकारी के साथ बहस हुई, जिसके बाद उसके दस्तावेजों को वैध नहीं माना गया। इसके बाद उसे उसी फ्लाइट से वापस भेज दिया गया और वह 16 दिनों तक मलेशिया में फंसा रहा।

युवक ने कहा कि इस दौरान उसे मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ी। उसने बताया कि वह 13 साल विदेश में रहने के बाद अपने देश लौट रहा था, लेकिन यहां उसे भारतीय मानने से ही इनकार कर दिया गया। उसने कहा कि विदेश में वह हमेशा भारत का पक्ष लेता था, लेकिन इस अनुभव ने उसे गहरा झटका दिया है। मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मेरठ का कुख्यात गैंगस्टर उधम सिंह करनावल फिर सुर्खियों में, चंडीगढ़ के पास शराब की दुकान के बाहर दिखने का दावा; पुलिस ने तेज की तलाश

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। उत्तर प्रदेश मेरठ के कुख्यात गैंगस्टर उधम सिंह करनावल का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह चंडीगढ़ के पास एक शराब की दुकान से बीयर की बोतलें लेकर बाहर निकलता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि इसके बाद वह एक सफेद रंग की कार में बैठकर वहां से चला गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हलचल बढ़ गई है और कई राज्यों की पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। उधम सिंह करनावल डी-50 गैंग का सरगना माना जाता है और उसके खिलाफ हत्या, रंगदारी, लूट, अपहरण और गैंगवार समेत 70 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज बताए जाते हैं। हाल ही में मेरठ पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया है।



जानकारी के मुताबिक उधम सिंह 26 मार्च 2026 को उन्नाव जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। वह करीब चार साल आठ महीने से जेल में बंद था। लेकिन बाद में जांच में सामने आया कि उसकी जमानत कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कराई गई थी। इस मामले में सरूरपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई, जिसके बाद अदालत ने उसकी जमानत रद्द करते हुए गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि एक व्यक्ति ने लोन दिलाने के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड और हस्ताक्षर जुटाए थे, जिनका इस्तेमाल बाद में जमानत प्रक्रिया में किया गया। मामले का खुलासा होने के बाद उधम सिंह फरार हो गया।

मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए यूपी एसटीएफ समेत कई टीमें लगाई गई हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली में लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस को शक है कि वह देहरादून के रास्ते नेपाल भाग गया हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, उसकी दूसरी पत्नी गीतांजलि काठमांडू में रहती है, इसलिए वहां भी उसकी लोकेशन को लेकर जांच की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, यात्रा रिकॉर्ड और डिजिटल लोकेशन की मदद से उसकी गतिविधियों को खंगाल रही है। वहीं सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने इस पूरे मामले को और चचाओं में ला दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई तेज की जाएगी।

# चंडीगढ़ के सेक्टर-26 क्लब के बाहर युवती से मारपीट, वीडियो वायरल; पुलिस जांच में जुटी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। शहर के सेक्टर-26 स्थित एक क्लब के बाहर युवती के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ किन्नर एक युवती के साथ हाथापाई करते दिखाई दे रहे हैं। वायरल फुटेज में युवती को सड़क पर गिराकर धक्का-मुक्की और मारपीट किए जाने के दृश्य नजर आ रहे हैं। घटना के दौरान आसपास काफी लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। सोशल मीडिया पर वीडियो को अलग-अलग दावों के साथ शेयर किया जा रहा है। कुछ पोस्ट में इसे क्लब के बाहर लड़कियों के बीच झगड़ा बताया गया, लेकिन



स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार मामला किन्नरों और युवती के बीच विवाद का बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना एक-दो दिन पुरानी है। बताया जा रहा है कि युवती और किन्नरों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। हालांकि विवाद की असली वजह को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

वीडियो वायरल होने के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सेक्टर-49 थाना पुलिस ने नशा तस्कर को दबोचा, हेरोइन और मेथाक्वालोन बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। यूटी पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-49 थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हेरोइन और मेथाक्वालोन बरामद किया है। आरोपी की पहचान मोहाली निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। यह कार्रवाई यूटी की महिला एसएसपी कंवरदीप कौर के निदेशों, महिला एसपी सिटी केएम प्रियंका के मार्गदर्शन तथा डीएसपी साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में की गई। सेक्टर-49 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 16 मई की रात करीब 10:05 बजे एसआई किरण पाल अपनी टीम के साथ



सेक्टर-48 मोटर मार्केट के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक सेक्टर-48 डिवाइडिंग रोड की तरफ से आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर युवक अचानक मुड़कर तेज कदमों से वापस जाने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 6.62 ग्राम मिक्स हेरोइन और मेथाक्वालोन बरामद हुआ। आरोपी इस नशीले पदार्थ को रखने संबंधी कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस पेश नहीं कर सका। इसके बाद थाना सेक्टर-49 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 22 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर थाना मालखाने में जमा करवा दिया है। मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी दीपक कुमार की उम्र 20 वर्ष है और वह ऑनलाइन डिलीवरी कंपनी ब्लिंकिट में डिलीवरी बॉय का काम करता है। आरोपी 9वीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

# सेक्टर-40 डी के पार्कों के आसपास फुटपाथों का होगा पुनर्निर्माण



चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। सेक्टर-40 डी के विभिन्न पार्कों के आसपास फुटपाथों के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ स्थानीय पार्षद गुरबक्ष रावत द्वारा वार्ड निवासियों और नगर निगम अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। इस परियोजना के तहत सेक्टर-40 डी में पुराने और क्षतिग्रस्त फुटपाथों की मरम्मत की जाएगी तथा नई इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स बिछाए जाएंगे। साथ ही पार्कों के आसपास के क्षेत्रों को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए भी कार्य किया जाएगा। इस मौके पर पार्षद गुरबक्श रावत ने कहा कि यह कार्य सेक्टर-40 डी के निवासियों की मांग पर शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड का समग्र विकास, स्वच्छता और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं तथा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों के सहयोग और नगर निगम अधिकारियों की तत्परता के लिए आभार भी जताया। वहीं स्थानीय निवासियों ने विकास कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त करते हुए पार्षद और नगर निगम का धन्यवाद किया।

# सब्जी मंडियों से वाहन चोरी करने वाले दो नाबालिग काबू, चोरी के तीन दुपहिया वाहन बरामद

पंचकूला/यूटर्न/17 मई। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने वाहन चोरी की तीन वारदातों को सुलझाते हुए दो नाबालिग आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन दुपहिया वाहन बरामद किए हैं। दोनों नाबालिगों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें सुधार गृह भेज दिया गया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 1 मार्च को पंचकूला निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह सेक्टर-14 स्थित एलेन इंस्टीट्यूट के सामने अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल खड़ी कर सब्जी लेने गया था, लेकिन लौटने पर मोटरसाइकिल गायब मिली।



मामले की जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम को सूचना मिली कि सेक्टर-15 स्थित शराब ठेके के पास पार्क में एक संदिग्ध किशोर चोरी की मोटरसाइकिल के साथ बैठा है। सूचना के आधार पर इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर एक नाबालिग को काबू कर लिया। पूछताछ में उसने करीब ढाई महीने पहले सेक्टर-14 सब्जी मंडी के बाहर से उक्त मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने एक अन्य साथी का भी खुलासा किया। उसने बताया कि दोनों ने मिलकर सेक्टर-14 और सेक्टर-15 की सब्जी मंडियों के बाहर खड़े दोपहिया वाहनों को निशाना बनाकर कई वारदातों को अंजाम दिया। आरोपियों ने 17 जनवरी 2026 को एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और अप्रैल माह में एक एक्टिवा चोरी करने की बात भी स्वीकार की। पुलिस ने दूसरे नाबालिग आरोपी को भी काबू कर लिया है।

# वार्ड नंबर 4 में अकाली दल ने झोंकी ताकत, मनीषा मलिक के समर्थन में उतरे पूर्व नगर परिषद प्रधान कुलविंदर सिंह सोही

## श्याम नगर में डोर-टू-डोर प्रचार, बिजली, सीवरेज और पानी की समस्याओं के समाधान का किया वादा

जीरकपुर/यूटर्न/17 मई। नगर परिषद चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मियां भी तेज होती जा रही हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 4 से शिरोमणि अकाली दल की उम्मीदवार मनीषा मलिक के समर्थन में पूर्व नगर परिषद प्रधान चुनावी मैदान में उतर आए हैं।



तपती गर्मी के बीच क्षेत्र में कुलविंदर सिंह सोही और अकाली दल उम्मीदवार ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अकाली दल के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि श्याम नगर में लटकती बिजली की तारें, सीवरेज व्यवस्था, पेयजल संकट और अन्य मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही क्षेत्र को हरा-भरा बनाने और विकास कार्यों को गति देने का भी भरोसा दिलाया। प्रचार के दौरान मनीषा मलिक ने विपक्षी उम्मीदवारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व वार्ड पार्षद ने क्षेत्र में कोई ठोस विकास कार्य नहीं करवाया। उन्होंने आरोप लगाया कि दल बदलने की राजनीति के चलते जनता के मुद्दे पीछे छूट गए। मनीषा मलिक ने दावा किया कि श्याम नगर के लोगों से मिल रहे प्यार, समर्थन और आशीर्वाद से इस बार वार्ड नंबर 4 में अकाली दल जीत का परचम लहराएगा।

# वार्ड नंबर 5 में नेहा शर्मा का डोर-टू-डोर प्रचार तेज, विकास के मुद्दों पर मांगा समर्थन

## नीलकंठ और मॉडर्न एनक्लेव में जनसंपर्क, हरियाली, ड्रेनेज और बिजली समस्याओं के समाधान का किया वादा

जीरकपुर/यूटर्न/17 मई। नगर परिषद चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 5 में चुनावी गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रत्याशी ने अपने चुनाव प्रचार को और धार देते हुए वार्ड के और क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया।



इस दौरान नेहा शर्मा ने घर-घर जाकर लोगों तक भाजपा की नीतियों और विकास योजनाओं को पहुंचाया तथा क्षेत्रवासियों से समर्थन और आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने भी उन्हें सकारात्मक समर्थन दिया। नेहा शर्मा ने कहा कि वह पहले भी विकास के एजेंडे पर काम करती रही हैं और आगे भी वार्ड के विकास को अपनी प्राथमिकता बनाए रखेंगी। उन्होंने दावा किया कि वार्ड नंबर 5 को विकास के मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने, बरसाती पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था करने और लटकती बिजली की तारों जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुने जाने के बाद वार्ड की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम किया जाएगा।

# वार्ड नंबर 7 में सुरेश सैनी ने झोंकी पूरी ताकत, आप के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे

## हेम विहार में डोर-टू-डोर प्रचार, जनसभा कर विकास एजेंडे और पार्टी नीतियों को रखा जनता के बीच

जीरकपुर/यूटर्न/17 मई। नगर परिषद चुनाव को लेकर शहर में चुनावी माहौल लगातार गमार्ता जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 7 से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार ने अपने चुनाव प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। चुनावी अभियान के तहत सुरेश सैनी ने क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया और घर-घर जाकर लोगों से आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को पार्टी की नीतियों, विकास योजनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



सुरेश सैनी ने दावा किया कि जैसे-जैसे चुनाव प्रचार आगे बढ़ेगा, अन्य राजनीतिक दलों से जुड़े कई लोग आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होंगे। डोर-टू-डोर प्रचार अभियान के बाद क्षेत्र में एक विशाल जनसभा का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। सभा के दौरान सुरेश सैनी ने नगर परिषद में चुने जाने के बाद किए जाने वाले विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर अपना विजन जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 7 के लोगों का मिल रहा समर्थन यह संकेत दे रहा है कि इस बार जनता बदलाव और विकास की राजनीति को प्राथमिकता देने जा रही है।

# छत लाइट प्वाइंट पर दर्दनाक हादसा, टैंकर की टक्कर से पलटी यात्रियों से भरी बस

## तेज रफ्तार आयल टैंकर बना हादसे की वजह, चालक फरार, केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/17 मई। छत लाइट प्वाइंट के नजदीक हुए भीषण सड़क हादसे में पुलिस ने आयल टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे टैंकर की टक्कर से कसोल से दिल्ली जा रही यात्रियों से भरी निजी बस सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद आरोपी चालक टैंकर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार राम दलाल ट्रांसपोर्ट, दिल्ली के बस चालक राकेश कुमार निवासी कांगड़ा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह 14 मई की रात करीब 8:45 बजे कसोल से सवारियां लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। तड़के करीब 3 बजे जब बस जीरकपुर के छत लाइट प्वाइंट को पार कर रही थी, तभी पटियाला की ओर से तेज रफ्तार में आए एक तेल टैंकर ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद टैंकर पीछे चल रहे एक ट्रक से भी जा भिड़ा, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बस से बाहर निकाला। हादसे में बस और ट्रक को भारी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने बस चालक की शिकायत के आधार पर अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपी चालक तक जल्द पहुंचा जा सके।

# भबात के मोबाइल गोदाम में बड़ी चोरी, 15 आईफोन लेकर फरार हुए चोर

## जीरकपुर में लाखों की सेंधमारी, गोदाम से गायब हुए 15 महंगे आईफोन

जीरकपुर/यूटर्न/17 मई। भबात गोदाम एरिया में स्थित एक मोबाइल गोदाम से 15 महंगे आईफोन चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में मामला काफी संदिग्ध माना जा रहा है और पुलिस गोदाम के अंदरूनी एंगल से भी जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार पंचकूला निवासी व्यापारी अरविंद जेटली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भबात गोदाम क्षेत्र में उनका मोबाइल स्टॉक का बड़ा गोदाम है, जहां महंगे मोबाइल फोन रखे जाते हैं। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को वह स्वयं अपनी गाड़ी में आईफोन की खेप लेकर गोदाम पहुंचे थे और माल वहां सुरक्षित रख दिया गया था।

चोरी की जानकारी उस समय सामने आई जब आगे सप्लाई के लिए माल तैयार किया जा रहा था। व्यापारी के अनुसार कुल 36 बॉक्स आगे भेजने के लिए तैयार किए जाने थे। जब कर्मचारियों ने स्टॉक की बारीकी से जांच शुरू की तो दो बड़े डिब्बे कम पाए गए। रिकॉर्ड चेक करने पर पता चला कि गायब हुए इन दोनों बॉक्सों में कुल 15 महंगे आईफोन रखे गए थे। घटना के बाद पीड़ित ने आशंका जताई कि किसी शातिर चोर या गिरोह ने पहले गोदाम की रेकी की और फिर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गोदाम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जल्द आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

Uturn Time 18 May 2026_Layout 2 17-05-2026 23:05 Page 10



# एनआरआई वोटरों के अधिकारों की सुरक्षा की मांग, सांसद मलविंदर कंग ने चुनाव आयोग से मांगी राहत

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। पंजाब में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर आम आदमी पार्टी के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर विदेशों में रह रहे पंजाबी मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सत्यापन प्रक्रिया के चलते बड़ी संख्या में एनआरआई पंजाबियों के वोट कटने का खतरा पैदा हो सकता है।

सांसद कंग ने कहा कि पंजाब का प्रवासी समुदाय राज्य की अर्थव्यवस्था, सामाजिक ढांचे और सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा है। कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, इटली और खाड़ी देशों में बसे पंजाबी लगातार अपने गांवों और परिवारों से जुड़े रहते हैं। वे राज्य में निवेश करने के साथ-साथ परिवारों की आर्थिक मदद भी करते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग को भेजे पत्र में कहा कि मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाना जरूरी है, लेकिन प्रक्रिया इतनी कठोर नहीं होनी चाहिए कि वास्तविक मतदाता ही अपने अधिकार से वंचित हो जाएं। विदेशों में रहने वाले लोगों के लिए कम समय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर



सत्यापन करवाना व्यावहारिक रूप से कठिन है।

कंग ने बताया कि कई एनआरआई परिवार दशकों से पंजाब की मतदाता सूची में पंजीकृत हैं। ऐसे में केवल तकनीकी या प्रक्रिया संबंधी कारणों से उनके नाम हटाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर वैध नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। सांसद ने आयोग से मांग की कि एनआरआई वोटरों के लिए ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए और दस्तावेज जमा करने की समय सीमा को अधिक लचीला बनाया जाए। इसके अलावा भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के माध्यम से दस्तावेज सत्यापन की व्यवस्था शुरू करने का सुझाव भी दिया गया।

उन्होंने यह भी मांग उठाई कि विदेशों में रह रहे मतदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष हेल्प डेस्क और शिकायत निवारण तंत्र बनाया जाए, ताकि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से न कटे। मलविंदर कंग ने कहा कि पंजाब का प्रवासी समाज हमेशा राज्य की तरक्की में भागीदार रहा है और उनके मतदान अधिकारों की रक्षा करना बेहद जरूरी है।

# श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा को मिला नया अध्यक्ष, मनोज जैन को सौंपी गई कमान





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। सामाजिक, धार्मिक और जनसेवा गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले मनोज जैन को श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। समाज के सदस्यों ने उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए इसे संगठन के लिए महत्वपूर्ण और सकारात्मक निर्णय बताया है। मनोज जैन लंबे समय से विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वे चार बार अणुव्रत समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं और वर्तमान में समिति के चेयरमैन के रूप में कार्यरत हैं। इसके अलावा पंजाब तेरापंथी सभा में वाइस प्रेसिडेंट रहते हुए भी उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों में अहम भूमिका निभाई।

समाज सेवा और नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। उन्हें एक अनुभवी समाजसेवी और प्रभावी संगठनकर्ता के रूप में जाना जाता है। वे चंडीगढ़ एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य भी रह चुके हैं, जबकि हरियाणा शिक्षा विभाग की समिति में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं। खेल गतिविधियों में भी उनकी रुचि बनी हुई है। वर्तमान में वे हरियाणा एक्यूएवाई एसोसिएशन के प्रेसिडेंट के तौर पर कार्य कर रहे हैं और युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं।

नियुक्ति के बाद मनोज जैन ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता, विकास और सेवा उनके कार्यकाल की प्राथमिकता रहेगी। साथ ही उन्होंने मुनि श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन को अपनी प्रेरणा बताया।

# कालका में मजदूर से मोबाइल और नकदी छीनने वाले दो आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार




पंचकूला/यूटर्न/17 मई। पंचकूला पुलिस ने स्नैचिंग की वारदात में त्वरित कार्रवाई करते हुए कालका में मजदूरी कर घर लौट रहे एक व्यक्ति से मोबाइल फोन और नकदी छीनने वाले दो आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और छीनी गई रकम में से 700 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कालका निवासी एक व्यक्ति ने 16 मई को थाना कालका में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह एक कंपनी में मजदूरी करता है। 8 मई की रात करीब 10:30 बजे काम खत्म कर घर लौटते समय कमेटी चौक कालका से खेड़ा सीताराम जाने वाली गली में कुछ युवकों ने उसके साथ छीना-झपटी कर मोबाइल फोन और नकदी छीन ली और मौके से फरार हो गए।

शिकायत के आधार पर थाना कालका में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच मुख्य सिपाही वासुदेव द्वारा की गई। एसीपी विक्रम नेहरा ने बताया कि जांच के दौरान थाना कालका की टीम ने एसएचओ इंस्पेक्टर मनसा राम के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर 17 मई को रेलवे ग्राउंड कालका से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मयंक (20) निवासी कालका और हर्ष (25) निवासी बाबा बालक नाथ कॉलोनी, टिपरा कालका के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और नकदी में से बचे 700 रुपये बरामद किए गए। आरोपियों ने खुलासा किया कि वारदात के बाद उन्होंने पहचान छिपाने और सबूत मिटाने के उद्देश्य से मोबाइल का सिम कार्ड और एटीएम कार्ड तोड़कर फेंक दिए थे। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

# बलटाना रेलवे फाटक पर अंडरपास निर्माण का रास्ता साफ, 20 मई को होगा भूमिपूजन

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे बलटाना और आसपास के इलाकों के लोगों को जल्द बड़ी राहत मिलने जा रही है। लंबे समय से लंबित रेलवे अंडरपास परियोजना का शिलान्यास 20 मई को किया जाएगा। अंडरपास बनने के बाद बलटाना, ढकोली, जीरकपुर, रायपुरकलां, विकास नगर, पंचकूला और मौलीजागरां सहित कई क्षेत्रों में आवाजाही सुगम हो जाएगी।



परियोजना के शिलान्यास से पहले शनिवार को उत्तरी रेलवे अंबाला मंडल के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने निर्माण कार्य से जुड़े कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी जारी किए। इस दौरान संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार, समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और रेल राज्य मंत्री रावनीत सिंह बिट्टू शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे फाटक बंद होने के कारण रोजाना लंबे जाम की स्थिति बनती है, जिससे स्कूल, ऑफिस और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। अंडरपास निर्माण को इस समस्या का स्थायी समाधान माना जा रहा है। परियोजना के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है।

# सपनों को मिलेगी सही उड़ान, G.H.G. अकादमी में करियर काउंसलिंग सत्र से छात्रों ने जानी भविष्य की राह

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/मई। सही समय पर लिया गया सही फैसला ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। इसी उद्देश्य के साथ जगरांव के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जी.एच.जी. अकादमी में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर काउंसलिंग और मोटिवेशनल सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक ढर्रे से हटकर आधुनिक दौर के करियर विकल्पों से रूबरू कराना था।

**ग्लोबल अवसरों पर मंथन: भारत से विदेश तक की राह हुई आसान**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और जीबी एजुकेशन (आई.एस.पी.) के लीड काउंसलर श्री वनीत कुमार गुम्बर ने अपने चिरपरिचित व्यावहारिक अंदाज में छात्रों से सीधा संवाद किया। उन्होंने न सिर्फ भारत, बल्कि विदेशों में मौजूद बेहतरीन शैक्षणिक अवसरों का पूरा रोडमैप छात्रों के सामने रखा। श्री गुम्बर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के दौर में सिर्फ




डिग्री हासिल करना काफी नहीं है, बल्कि अपनी रुचि और क्षमता (Aptitude) को पहचानकर सही प्रोफेशनल कोर्स चुनना सफलता की असली कुंजी है।

**जिज्ञासाओं का समाधान:** सवालों के चक्रव्यूह से निकले छात्र यह सत्र केवल एकतरफा व्याख्यान नहीं था, बल्कि एक जीवंत संवाद (Interactive Session) बनकर उभरा। छात्रों ने पूरे जोश के साथ इसमें हिस्सा लिया और अपने मन में उठने वाले हर छोटे-बड़े सवाल को एक्सपर्ट के सामने रखा।

### प्रोफेशनल कोर्सेज का चयन कैसे करें ?

बदलते दौर में कौन से करियर सेक्टर्स सबसे सुरक्षित और ग्रोथ वाले हैं ?

### ग्लोबल यूनिवर्सिटीज में एंट्री का क्या प्रोसेस है ?

इन सभी जटिल सवालों का गुम्बर ने अपने व्यावहारिक अनुभवों और प्रेरक विचारों के जरिए बेहद सरल समाधान दिया, जिससे छात्रों का आत्मविश्वास देखते ही बनता था।

प्राचार्या का संदेश: 'यह सिर्फ व्याख्यान नहीं, भविष्य निर्माण की नींव है' विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रमनजोत कौर ग्रेवाल ने मुख्य वक्ता श्री वनीत कुमार गुम्बर का आभार जताते हुए इस आयोजन की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा: आज का युवा असीम ऊर्जा से भरा है, बस जरूरत है तो उसे सही दिशा दिखाने की। इस तरह के गाइडेड सेशन्स विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को तराशने और उन्हें अपने सपनों के प्रति सकारात्मक बनाने में मील का पत्थर साबित होते हैं। हमारा संस्थान छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा ऐसे प्रयास करता रहेगा। सकारात्मक ऊर्जा के साथ समापन: कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। यह पूरा सत्र विद्यार्थियों के लिए केवल सूचनात्मक ही नहीं रहा, बल्कि उनके भीतर एक नया जोश और अपने लक्ष्यों को पाने का संकल्प जगा गया। स्कूल से बाहर निकलते छात्रों के चेहरों पर अब भविष्य को लेकर असमंजस की जगह एक स्पष्ट विजन और मुस्कान थी।

# जीरकपुर में बाइक चोरों का आतंक, दो अलग-अलग जगहों से वाहन चोरी

## वाहन चोर सक्रिय: शहर में दो बाइक चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

जीरकपुर/यूटर्न/17 मई। शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामलों में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायतों पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से वाहन मालिकों में भी दहशत का माहौल है। पहले मामले में बनूड़ निवासी सनप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह जीरकपुर स्थित बिजली बोर्ड में कार्यरत है। उसने अपनी मोटरसाइकिल प्रीत कॉलोनी स्थित ए.सी. नेशनल स्कूल के पास रात करीब 1:15 बजे खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक मौके से गायब थी। आसपास तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। दूसरे मामले में मन्नत इन्क्लेव फेज-2, भबात निवासी धन सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी मोटरसाइकिल पटियाला रोड स्थित बालाजी इन्क्लेव के पास से चोरी हो गई। वाहन गायब मिलने के बाद उसने भी पुलिस से कार्रवाई की मांग की। दोनों शिकायतों के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं ताकि चोरों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# करीना कपूर का बीच लुक वायरल, फैंस बोले- अभी भी नंबर 1 दिवा




बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर इन दिनों अपने बीच वेकेशन को लेकर सुर्खियों में हैं। स्टाइलिश स्विमवियर में उनका ग्लैमरस अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस उनकी फिटनेस और कॉन्फिडेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि करीना कपूर इन दिनों काम से ब्रेक लेकर वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। उनका यह नया लुक एक बार फिर इंटरनेट पर छा गया है।

# सफाई कर्मियों के आंदोलन को दबाने की सरकारी कोशिशें नाकाम

## रविवार को भी छटपटाते रहे अधिकारी:अरुण गिल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/मई। पंजाब भर में सफाई सेवकों और नगर पालिका कर्मचारियों के चल रहे तीखे आंदोलन से घबराई पंजाब सरकार अब पूरी तरह बैकफुट पर नजर आ रही है। इस प्रदर्शन को कुचलने और कमजोर करने के लिए रविवार की छुट्टी के दिन भी प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस प्रशासन एड़ी-चोटी का जोर लगाते रहे (छटपटाते रहे), लेकिन सफाई कर्मचारियों ने सरकार के झूठे आश्वासनों और भारी दबाव के आगे झुकने से साफ इनकार कर दिया। यह तीखा दावा सफाई सेवक यूनियन के जिला अध्यक्ष अरुण गिल ने नगर परिषद जगरांव में चल रहे धरने के दौरान किया। रात से लेकर सुबह तक प्रशासन ने डाला डेरा यूनियन अध्यक्ष अरुण गिल ने बताया कि बीते शनिवार की रात से ही सरकार अपने अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को आगे कर आंदोलन को खत्म कराने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है। देर रात तक पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकों का दौर चलता रहा, जबकि रविवार सुबह से ही तहसीलदार रेशम सिंह और सिटी थाना प्रभारी परमिंदर सिंह नगर परिषद जगराओं के





दफ्तर में डटे रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने बार-बार प्रदर्शनकारियों को सरकार द्वारा ₹जल्द समाधान₹ का दिलासा देकर धरना समाप्त करने का आग्रह किया। हालांकि, संघर्ष कर रहे सफाई कर्मचारियों ने एक सुर में साफ कर दिया कि: जब तक पंजाब स्तरीय केंद्रीय बॉडी की तरफ से कोई लिखित नोटिफिकेशन या स्पष्ट आदेश नहीं आता, तब तक यह धरना किसी भी कीमत पर समाप्त नहीं किया जाएगा।

**चुनाव आचार संहिता का बहाना बना रही सरकार:** अध्यक्ष गिल ने कहा कि यह स्थिति सिर्फ जगरांव तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे पंजाब में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश भड़का हुआ है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार अब 'चुनाव आचार संहिता' का बहाना बनाकर नोटिफिकेशन जारी करने से भाग रही है, जबकि यह आंदोलन 6 मई से लगातार चल रहा है और चुनावों की घोषणा इसके कई दिनों बाद हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने वादों से मुकर रही है, लेकिन अब सफाई कर्मचारी किसी भी तरह के झूठे झांसे में आने वाले नहीं हैं।

### मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज करने की चेतावनी

उन्होंने सरकार को दोटूक चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक लिखित रूप में मांगें मानकर आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया जाता, तब तक पंजाब के सभी सफाई सेवक और म्यूनिसिपल कर्मचारी इस संघर्ष को और अधिक धार देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में पैदा हो रहे मौजूदा हालातों के लिए सफाई कर्मचारी नहीं, बल्कि पंजाब सरकार खुद जिम्मेदार है। अगर समय रहते जायज मांगें मान ली जातीं, तो आज टकराव की यह नौबत ही न आती।

### विभिन्न संगठनों का मिला समर्थन:

इस दौरान धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आज के इस प्रदर्शन में सफाई कर्मचारियों को समर्थन देने के लिए 'ग्रामीण मजदूर यूनियन' के अध्यक्ष अवतार सिंह तारी और 'कीर्ति किसान यूनियन' के सुखदेव सिंह मानूके विशेष रूप से शामिल हुए।

Uturn Time 18 May 2026_Layout 2 17-05-2026 23:05 Page 12



# जालंधर के 2 लोगों ने UK की राजनीति में अपनी पहचान बनाई; प्रीति कौर स्टार्मर सरकार में जूनियर स्वास्थ्य मंत्री, जोहल लीसेस्टर के मेयर बने





चंडीगढ़/यूटर्न/17 मई। जालंधर मूल के दो सिखों ने UK के राजनीतिक हलकों में अपना नाम कमाया है। फिल्लौर के तेहंग गांव के रहने वाले कुलविंदर सिंह जोहल (56) लीसेस्टर के पहले पगड़ीधारी सिख मेयर बन गए हैं। UK में एक और अहम घटनाक्रम में, प्रीति कौर गिल (53), जो जालंधर के जमशेर गांव की रहने वाली हैं, को कीर स्टार्मर सरकार में कैबिनेट फेरबदल के दौरान जूनियर स्वास्थ्य मंत्री नियुक्त किया गया है।

इन दोनों घटनाओं का जश्न यहां और दुनिया भर में पंजाबी समुदाय के लोग मना रहे हैं। जोहल गर्व से सभी को जालंधर में अपनी जड़ों के बारे में बता रहे हैं। ₹मेरे माता-पिता और दादा-दादी विभाजन के समय पाकिस्तान से आने के बाद सबसे पहले जालंधर के तलवान गांव में बस गए थे। बाद में वे तेहंग गांव चले गए। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ छह साल का था जब मेरा परिवार मुझे UK ले आया। बचपन में यहां मेरा जीवन बहुत मजेदार था और हर रविवार को गुरुद्वारे जाना हमारे लिए एक रस्म थी।

जोहल ने UK में एक फैक्ट्री में 25 साल तक काम किया। इसके साथ ही, वे सामाजिक कार्यों और स्थानीय स्तर पर एक फुटबॉल क्लब को बढ़ावा देने में भी लगे रहे। ₹मैं 2002 में लीसेस्टर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी का महासचिव था। वङ के अपने गोल्डन जुबली दौरे के दौरान महारानी एलिजाबेथ ने वहां का दौरा किया था।₹ ₹इस दौरे को अच्छी कवरेज मिली,₹ उन्होंने याद करते हुए कहा। मेयर चुने जाने पर उन्होंने कहा, ₹मैं अपने साथी पार्षदों का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे लीसेस्टर का 'प्रथम नागरिक' चुना। इस बीच, प्रीत कौर गिल ने भी 2012 में लेबर पार्टी के लिए एक पार्षद के तौर पर अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने सैंडवेल मेट्रोपॉलिटन बरो काउंसिल में पार्षद के रूप में काम किया है। 2017 के आम चुनावों में, गिल बर्मिंघम एडगबास्टन से संसद सदस्य (MP) चुनी गईं। उस समय वह UK के इतिहास में पहली महिला ब्रिटिश सिख टढ बनी थीं। वह 2019 और 2024 के आम चुनावों में भी दोबारा चुनी गईं। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, हर नई भूमिका अपने साथ काम को पूरा करने की बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी लेकर आती है।

# बी.एस.एफ. के जवान सीमाओं के साथ साथ बने जल के प्रहरी : खन्ना

## कहा, जल संरक्षण में पहल कर जवान पूरे विश्व को दें सार्थक सन्देश



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/17 मई। श्री प्रकाश राय खन्ना श्रीमती कौशल्या देवी खन्ना मेमोरियल ट्रस्ट के चेयरमैन पूर्व सांसद अविनाश राय ने जल संरक्षण विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन बी.एस.एफ. कैंप खड़कां में आयोजित किया जिसमें खन्ना द्वारा कैंप में प्रशिक्षण ले रहे सुरक्षा बालों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर उनसे जल बचाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर श्री खन्ना ने कहा की सीमा सुरक्षा बल के जवान देश की सीमाओं के प्रहरी तो हैं ही परन्तु यदि वे अपनी ड्यूटी के साथ साथ कुदरत की अनमोल देन जल को संरक्षित करने को अपना कर्त्तव्य बना लें तो पूरे विश्व को पानी की कमी से होने वाले संभावित खतरे से बचाया जा सकता है। खन्ना ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवान इसमें पहल कर देश की तीनो सेनाओं को भी जल संरक्षण को अपना मौलिक कर्त्तव्य बनाने का सन्देश दे सकते हैं। खन्ना ने कहा कि इस्तेहास इस बात का गवाह है की विश्वव्यापी आन्दोलनों का आगाज सदैव भारत से ही हुआ है। खन्ना ने कहा कि यदि भारत की सेनाओं के जवान अपनी ड्यूटी के साथ साथ जल संरक्षण को भी अपना कर्त्तव्य बना लें तो इससे पूरे विश्व में जल संरक्षण के प्रति सार्थक सन्देश जायेगा। खन्ना ने कहा कि ट्रस्ट की तरफ से जल्द ही जवानों की जल संरक्षण के प्रति जानकारी का मंथन करने के लिए इस विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रथम आने वाले जवानो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित व पुरुस्कृत भी किया जाएगा। खन्ना ने कहा की ट्रस्ट का लक्ष्य कुदरत की अनमोल दें पानी और पर्यावरण संरक्षण का है।

# न्यू चंडीगढ़ भूमि सौदों की जांच तेज, ईडी ने गमाडा अधिकारियों पर कसा शिकंजा

अजीत झा.

मोहाली/यूटर्न/17 मई। न्यू चंडीगढ़ में रियल एस्टेट परियोजनाओं और जमीन अधिग्रहण से जुड़े मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जांच का दायरा और बढ़ा दिया है। इको सिटी-3 और मुल्लांपुर क्षेत्र में जमीन खरीद व मास्टर प्लान बदलाव को लेकर एजेंसी ने गमाडा के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार को समन जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, ईडी यह जांच कर रही है कि मास्टर प्लान में कथित बदलाव कर कुछ निजी बिल्डरों को फायदा तो नहीं पहुंचाया गया। इसी कड़ी में एजेंसी ने हाल ही में मोहाली, न्यू चंडीगढ़, खरड़ और चंडीगढ़ में कई रियल एस्टेट कंपनियों के ठिकानों पर छापेमारी भी की थी।

जांच के दौरान ईडी टीमों ने मोहाली जिले के विभिन्न तहसील कार्यालयों से जमीन खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। एजेंसी जमाबंदी, इंतकाल, बिक्री विलेख और रजिस्ट्री रिकॉर्ड की जांच कर रही है। विशेष तौर पर इको सिटी-3 और लो-डेंसिटी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स से जुड़ी फाइलें जांच के घेरे में हैं। ईडी को संदेह है कि कुछ जमीनों की श्रेणी में बदलाव कर उन्हें रिहायशी परियोजनाओं के लिए इस्तेमाल किया गया, जिससे निजी डेवलपर्स को लाभ मिला। मामले में सनटेक इंडियन कोऑपरेटिव हाउसिंग बिल्डिंग सोसायटी और अल्टस स्पेस बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों के नाम भी जांच में सामने आए हैं।

# लाइफस्टाइल बीमारियों पर 'योग प्रहार', मधुमेह से मानसिक तनाव तक बचाव का मंत्र

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 18 मई से शुरू होगा विशेष योग शिविर



चंडीगढ़/ लुधियाना, यूटर्न 16 मई अशोक सहगल। भागदौड़ भरी जिंदगी में मधुमेह (शुगर), उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियां स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन रही हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला की ओर से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और बीमारियों की रोकथाम को लेकर विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ 18 मई से होगा, जोकि 29 मई तक चलेगा। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) संजीव शर्मा और डीन प्रोफेसर गुलाब चंद पमनानी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास के माध्यम से असंक्रामक रोगों के जोखिम को कम कर व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत किया जा रहा है।

संस्थान के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गौरव गर्ग ने बताया कि असंतुलित खानपान, तनाव, शारीरिक निष्क्रियता और अनियमित दिनचर्या इन बीमारियों के प्रमुख कारण हैं। ऐसे में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, प्राणायाम और अनुशासित जीवनशैली को मेटाबॉलिक एवं जीवनशैली विकारों से बचाव का प्रभावी त्रिस्तरीय कवच माना जा रहा है। संतुलित एवं पौष्टिक आहार उत्तम स्वास्थ्य की आधारशिला है। ताजे फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज, दालें तथा प्राकृतिक खाद्य पदार्थ शरीर के चयापचय को संतुलित बनाए रखने, प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा दीर्घकालिक रोगों के जोखिम को कम करने में सहायक होते हैं। वहीं जंक फूड, अत्यधिक चीनी, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ एवं अस्वास्थ्यकर वसा का अधिक सेवन मोटापा, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही नियमित शारीरिक गतिविधियाँ शरीर को सक्रिय बनाए रखने, हृदय स्वास्थ्य सुधारने तथा मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## *योग शिविर में योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा*

*असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा हसन ने बताया कि योग वर्तमान समय में जीवनशैली विकारों की रोकथाम एवं प्रबंधन का एक प्रभावी एवं समग्र उपाय बनकर सामने आया है। नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान शरीर की लचीलापन क्षमता बढ़ाने, श्वसन एवं हृदय स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, तनाव कम करने तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक सिद्ध होते हैं। आधुनिक जीवन की भागदौड़ एवं मानसिक तनाव के बीच योग केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति एवं स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।*

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372